AMFI के दिशा-निर्देश

drishtiias.com/hindi/printpdf/association-of-mutual-funds-in-india

हाल ही में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (Association of Mutual Funds in India- AMFI) ने फंड मैनेजरों को राइट-डाउन डेब्ट (Write Down Debt) तथा इन्वेस्टमेंट ग्रेड पेपर (Investment Grade Paper) को नियंत्रित करने के संदर्भ में कुछ दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

प्रमुख बिंदु

- AMFI ने बुनियादी ढाँचे और रियल एस्टेट फर्मों, होटलों, अस्पतालों और शेयरों के विरुद्ध विवादास्पद तथाकथित ऋण या प्रतिभूतियों के विरुद्ध ऋण-पत्र के खिलाफ सुरक्षित प्रावधान बनाए जाने का सुझाव दिया है।
- इसने संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (Asset Management Companies- AMCs) से अनुरोध किया है कि वे रेटिंग एजेंसियों द्वारा उन्हें डाउनग्रेड किये जाने की प्रतीक्षा किये बिना ऐसे उप-मानक निवेश-ग्रेड ऋण प्रतिभूतियों पर हेयरकट मैट्रिक्स को लागू करें।
- सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, कोई भी प्रतिभूति जिसकी रेटिंग BBB (Better Business Bureau) से नीचे है, उसे निवेश ग्रेड से नीचे माना जाता है।
- हेयरकट का प्रयोग म्यूचुअल फंड की मूल राशि और किसी डिफ़ॉल्ट के तहत ब्याज में कमी के लिये किया जाता है।

बेटर बिज़नेस ब्यूरो (Better Business Bureau)

- एक निजी, गैर-लाभकारी संगठन है।
- इसका उद्देश्य मार्केटप्लेस ट्रस्ट को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना है।

हेयरकट (Haircut)

- किसी संपत्ति के बाज़ार मूल्य और ऋण के लिये संपार्श्विक के रूप में उपयोग की जा सकने वाली राशि के बीच प्रतिशत के अंतर का उल्लेख करते समय हेयरकट शब्द का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है।
- इन मूल्यों के बीच एक अंतर है क्योंकि बाज़ार में कीमतें समय के साथ बदलती हैं, जिसके लिये ऋणदाता को समायोजित करने की आवश्यकता होती है।

- अब तक प्रत्येक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी और फंड मैनेजर अपने हेयरकट (डिफाल्ट) के बारे में राइट-डाउन (Write Down) करते या निर्णय लेते थे। ये दिशा-निर्देश उद्योग में संकटग्रस्त प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में एकरूपता लाएंगे।
- AMC को डर है कि 'स्टैंडर्ड हेयरकट मैट्रिक्स' के लागू होने से बड़ी मात्रा में ऋण से छुटकारा मिल जाएगा, जो संभावित रूप से उनके फंड की शुद्ध संपत्ति मूल्य में भारी कमी ला सकता है।

- ये दिशा-निर्देश हाल ही में सेबी के एक परिपत्र के बाद आए हैं। परिपत्र के अंतर्गत AMFI और मूल्यांकन एजेंसियों - क्रिसिल (Crisil) और इक्रा मैनेजमेंट कंसल्टिंग सर्विसेज़ लिमिटेड (Icra Management Consulting Services Limited- IMaCS) से इस तरह के निवेश ग्रेड पेपर के लिये एक मूल्यांकन पद्धति विकसित करने के बारे में सवाल किया गया है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (Association of Mutual Funds in India)

- भारत में SEBI द्वारा पंजीकृत म्यूचुअल फंडों के संघ (AMFI) को 22 अगस्त, 1995 को एक गैर-लाभकारी संगठन के रूप में शामिल किया गया था।
- यह भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग को गुणवत्तापरक और नैतिक क्षेत्रों के आधार पर विकसित करने, म्यूचुअल फंड तथा उनके यूनिट धारकों के हितों की रक्षा करने एवं हितों को बढ़ावा देने के लिये सभी क्षेत्रों में मानकों को बढ़ाने और बनाए रखने हेतु समर्पित है।

एसेट मैनेजमेंट कंपनी (Asset Management Company- AMC)

- परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (AMC) एक फर्म है जो ग्राहकों के पूल किये गये फंडों को प्रतिभूतियों जैसे- म्यूच्यूअल फंड, इक्विटी में निवेश करने में सहायता करती है।
- AMC निवेशकों को अधिक विविधता और निवेश का विकल्प प्रदान करती हैं।
- AMC म्यूचुअल फंड, हेज फंड और पेंशन योजनाओं का प्रबंधन करती है, और ये कंपनियाँ अपने ग्राहकों पर सेवा शुल्क या कमीशन चार्ज लगाकर धन कमाती है।

स्रोत- बिज़नेस लाइन (द हिंदू)